## सार-समाचार

### गोडीजी का वार्षिकोत्सव आयोजित

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय गोडीजी जालोर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत, भामाशाह नरेंद्र सिंह राजपुरोहित, मोहिनी देवी पुत्री नारायण सिंह राजपुरोहित की उपस्थिति में शानदार कार्यक्रम का आयोजन हुआ । जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत ने भामाशाह का सम्मान करते हुए हौसला अफजाई किया। नरेंद्र सिंह राजपुरोहित अध्यापक ने विद्यालय को तीन लाख राशि का सहयोग किया। मोहनी देवी ने विद्यालय को 150000 रुपये विद्यालय विकास के लिए सहयोग दिया। समस्त भामाशाहों का सहयोग बहुत अच्छा रहा। स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य अर्चना गहलोत ने भामाशाहों और अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। मोहिनी देवी भामाशाह ने विद्यालय में आगे भी सहयोग देने के लिए भरोसा दिलाया। वार्षिकोत्सव में विधालय की बालिकाओं ने एक से बढकर सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये । अंत में विधायल की प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### जिला प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 23 को

**जोधपुर,**(कासं) । परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 वायु सेना द्वारा पराक्रम दिवस के अवसर पर 23 जनवरी को जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग लेंगे, जो केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, पीएम श्री विद्यालय, राज्य बोर्ड, और सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों से होंगे। कुल 100 विद्यार्थी इसमें हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का आधार भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लांच किए गए भारत है हम श्रृंखला के पांच एपिसोड होंगे, जिन्हें प्रतिभागियों को दिखाया जाएगा। विद्यालय के उप प्राचार्य मूलसिंह शेखावत ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रमाण पत्र और प्रधानमंत्री द्वारा लिखित एग्जाम वारियर पुस्तक प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भारतीय वायुसेना जोधपुर के एयर कामोडोर होंगे।

### खाटू श्याम बाबा की मूर्ति स्थावना 19 को

**जोधपुर,** (कासं) । प्रताप नगर स्थित हनुमान शनिधाम में 19 जनवरी, रविवार को श्री खाटू श्याम बाबा की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इसके पत्रक का आज विमोचन किया गया। इस अवसर पर टीकम सांखला, चन्द्र प्रकाश आसेरी,पूनम चंद डाबी, भोमाराम गोयल,योगिता खींची उपस्थित थे। मन्दिर के महन्त गोपाल महाराज ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11:00 बजे हवन से शुरू होगा। पंडित देवेंद्र दाधीच के सानिध्य में यजमान पूनम चंद खींची, योगिता खींची राकेश डाबी व हीना डाबी आहुतियां देंगे। भजनीक राजेश गुप्ता के सानिध्य में विजय सारस्वत, प्रवीण पवार, प्रताप पंवार, श्यामलाल डाबी, गुड्डी लखारा,लक्ष्मी चौहान व महेंद्र भजनों की प्रस्तुति देंगे। दो बजे मूर्ति स्थापित की जाएगी।दोपहर 3:00 बजे व तत्पश्चात महाआरती के पश्चात प्रसादी वितरण की जाएगी।

### पानी चुराने के आरोपी जमानत पर रिहा

**जोधपुर,**(कासं) । शहर की विवेक विहार पुलिस ने पानी चोरी के एक प्रकरण में पांच लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस बारे में जलदाय विभाग के जेइएन की तरफ से रिपोर्ट दी गई थी। विवेक विहार पुलिस थाने के एएसआई ओमप्रकाश ने बताया कि गत साल जलदाय विभाग के जेइएन सुरेश प्रजापत की तरफ से रिपोर्ट दी गई कि सालवास- कुडी होद से निकल रहे रही पेयजल लाइन से लोगों द्वारा पानी का अवैध कनेक्शन कर पानी को चुराया जा रहा है। इस पर नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी गई। एएसआई ओमप्रकाश ने बताया कि प्रकरण में भाकरासनी विासी अर्जुनराम राव, विक्रम विश्रोई, श्यामलाल विश्रोई, श्रवण मेघवाल एवं कानाराम भील को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। बाद में उन्हे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### शारीरिक शिक्षकों का सम्मेलन शुरू

**जोधपुर,**(कासं) । राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ एकीकृत का दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन शुक्रवार को शाला क्रीड़ा संगम केंद्र गौशाला मैदान में शुरू हुआ। प्रदेशाध्यक्ष लुनेश सिंह खींची ने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न शैक्षिक मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष चंदनसिंह सिणली ने बताया कि प्रदेश महामंत्री शेरसिंह रातडी, सुमेरसिंह, हरीश डूडी, महेंद्र सिंह आदि ने सम्मेलन में विचार प्रकट किए। अधिवेशन में शारीरिक शिक्षकों से संबंधित समस्याओं पर विचार विमर्श किया जा रहा है। दूसरे दिन विभिन्न शैक्षिक प्रस्तावों को पारित कर राज्य सरकार को भेजे जाएंगे।

### डॉ. शरीफ खान ने कार्य संभाला

**जोधपुर ,** (कासं)। आयुर्वेद विभाग ने डॉ. शरीफ खान को उप निदेशक पद पर नियुक्त किया है। उन्होंने शुक्रवार को विधिवत कार्यभार ठाहण कर लिया। डॉ. शरीफ खान विभागीय योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने और आयुर्वेद सेवाओं को सशक्त बनाने में भूमिका निभाएंगे। इससे पहले उप निदेशक का कार्यभार संभाल रहे डॉ. अशोक कुमार मित्तल को जिला चिकित्सालय का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, जिला चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. राजकुमार को सहायक निदेशक पद पर स्थानांतरित किया गया है।

### कांग्रेसजनों ने रोष जताया

**जोधपुर,** (कासं) । प्रताप नगर स्थित श्री स्वामी प्रभुता नंदन अस्पताल में अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस ने विरोध जताया है। अस्पताल में हो रही असुविधा को लेकर आज कांग्रेस के क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां काफी अव्यवस्थाएं मिली। कई चिकित्सक व स्टाफ कर्मी नदारद मिले। उन्होंने सरकार एवं प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अस्पताल में सुविधाएं पूरी नहीं होगी तो धरना प्रदर्शन करेंगे। साथ ही अस्पताल में एक्सरे मशीन, सोनोग्राफी मशीन व एम्बुलेंस की सुविधा भी नहीं है। इन सुविधाओं की मांग की गई।

### स्वामित्व योजना का कार्यक्रम आज

**जालोर,** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 18 जनवरी शनिवार को स्वामित्व योजनान्तर्गत वर्चुअल माध्यम से पट्टे व प्रोपर्टी पार्सल वितरण एवं लाभार्थियों को संबोधित किया जायेगा। स्वामित्व योजनान्तर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा इस दौरान राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड जयपुर के अध्यक्ष जसवंत बिश्नोई भाग लेंगे। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि स्वामित्व योजनान्तर्गत 18 जनवरी को प्रात: 10 बजे से जिला संदर्भ केन्द्र (जालोर क्लब के पास) में जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला परिषद व पंचायत समिति जालोर का संयुक्त कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा। उन्होंने जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा को जिला प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है तथा विभिन्न विभागों को आवश्यक जिम्मेदारियाँ सौंपी हैं।

### हेमू कालानी बलिदान दिवस 21 को

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान सिंधी अकादमी, जयपुर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अल्प भाषा तथा सिंधी कल्चरल सोसायटी जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में 21 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अल्प भाषा राजमहल, 17 सेक्टर, चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड, जोधपुर के विद्यालय प्रांगण में स्वतंत्रता आंदोलन के सिपाही शहीद हेमू कालानी की पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा । इस अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम, रंग भरो प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एव विद्यार्थियों और प्रबुद्धजन वार्ता का आयोजन किया जायेगा। विद्यालय के प्राचार्य ललित खुशलानी ने बताया कि कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए रंग भरो प्रतियोगिता तथा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। सिंधी कल्चरल सोसायटी जोधपुर के अध्यक्ष महेश संतानी ने बताया कि सिंधी समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा विद्यार्थियों को शहीद हेमू कालानी के आजादी के आंदोलन में किए गए संघर्ष और अन्य--क्रांतिकारी शहीदों के इतिहास और उनके बलिदान के बारे में जानकारी दी जायेगी।

### बलदेव राम मिर्धा की जयंती मनाई

**पाली,** (नि.सं.)। किसान केसरी बलदेवराम मिर्धा की 136 वीं जयंती पर शुक्रवार को सवेरे 9. 30 बजे कलेक्टर बंगले के सामने किसान केसरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्व मिर्धा को याद किया गया। इस अवसर पर विचारगोष्ठी का भी आयोजन हुआ।

# जे.डी.ए. की योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की



जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने प्रवर्तन शाखा की बैठक ली।

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा शुक्रवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन शाखा की बैठक लेते हुए शाखा के कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य नियंत्रक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनीता, तहसीलदार प्रतिज्ञा सोनी, हंसराज राठौड, सुनिता चारण, किरण सिंगारिया, प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, पुलिस निरीक्षक जोगेन्द्रसिंह चौधरी, प्रवर्तन निरीक्षक योगेश गहलोत मौजूद रहे।

बैठक में आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा प्राधिकरण योजनाओं एवं क्षेत्राधिकार में अवैध, अनाधिकृत निर्माणां एवं सरकारी भूमियों पर हो रहे अतिक्रमणां की रोकथाम हेतु प्राधिकरण में दर्ज प्रकरणों, लम्बित प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों की विस्तार से जानकारी प्राप्त कर प्रवर्तन शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त द्वारा जोनवार प्रभारी अधिकारीगण को प्राधिकरण योजनाओं में आरक्षित भूमियों पर किए अतिक्रमणां को चिन्हित कर सूचीबद्ध करते हुए भू-माफियाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार आयुक्त चौधरी द्वारा बैठक में प्राधिकृत अधिकारियों को अपने-अपने जोन क्षेत्राधिकार में नियमित तौर पर निरीक्षण कर प्राधिकरण के लैंड बैंक का ख्याल करने एवं अवकाश के दिनों में होने वाले अतिक्रमणों पर विशेष ध्यान रख निरन्तर कार्यवाही करने के आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## मुकेश राठौड ने जलोर कलैक्ट्रेट में जूनियर अकाउंटेंट का कार्य संभाला

**बालोतरा,** (निसं)। मुकेश राठौड ने जिला कलेक्ट्रेट में जूनियर अकाउंटेंट पदभार ग्रहण करने के अवसर पर जीनगर समाज की अेर से जिला कलेक्टर परिसर में उनका भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान समाज के प्रमुख सदस्यों ने उन्हें माला पहनाई और साफा बांधकर सम्मानित किया। समाज ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। मुकेश राठौड, पुत्र कानाराम राठौड, ने जिला कलेक्ट्रेट में जूनियर अकाउंटेंट के पद पर आज औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। यह नियुक्ति उनके कडी मेहनत और लगन का परिणाम है। उनके इस उपलब्धि पर परिवार, मित्र और सहयोगियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश चितारा ने बताया कि मुकेश राठौड की यह उपलब्धि समाज के लिए गर्व का क्षण है।

उन्होंने कहा कि यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी और समाज को आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने मुकेश को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुकेश राठौड के पिता, कानाराम राठौड ने बताया, मैं फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता हूं, लेकिन मेरे बेटे ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। यह मेरे लिए गर्व का पल है। हमारी आर्थिक स्थिति सामान्य रही है, लेकिन मुकेश ने कभी हार नहीं मानी और अपनी पढाई पूरी कर यह सफलता अर्जित की।

उन्होंने कहा कि मुकेश की सफलता से यह साबित होता है कि कडी मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

इसी दौरान गोपाल चितारा, कानाराम राठौड, चोपाराम चौहान, ललित राठोड, नरपत राठौड, अर्जुन राठौड, पृथ्वीराज चौहान आदि जीनगर समाज के सदस्य मोजूद रहे।

## ध्यान, योग सत्संग कल

**जोधपुर,** (कासं)। कायलाना रोड़ स्थित संबोधि धाम में 19 जनवरी, रविवार को सुबह 9.15 से 11.30 बजे तक पीसफुल और परफेक्ट लाइफ जीने के लिए सत्संग, प्रवचन एवं ध्यान योग कार्यक्रम का आयोजन होगा।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ शांतिप्रिय सागर महाराज ने बताया कि राष्ट्र-संत चंद्रप्रभ महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में नगरवासियों को सक्रिय योगाभ्यास एवं संबोधि मंत्र ध्यान का अभ्यास करवाया जाएगा

साथ ही जीवन को कैसे जिएं शांत और सक्रिय मन से विषय पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। यह कार्यक्रम छात्रों के मानसिक लोड को दूर करने के लिए अति उपयोगी है।

## दुकानदार पर केस

**जोधपुर,** (कासं) । शहर के नई सडक़ पर आई एक साडिय़ों की दुकान में बच्चों से कार्य करवाने पर दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सदर बाजार पुलिस ने जेजे एक्ट में प्रकरण बनाया है। सदर बाजार थाने के एसआई गोविंदराम को सूचना मिली कि नई सडक़ पर आई पूनम साडिज़ में दुकानदार द्वारा बच्चों से व्यापारिक कार्य करवाया जा रहा है। साडिय़ों की दुकान में बच्चों से काम करवाने पर इस पर पुलिस ने दुकान पर रेड देकर बच्चों को मुक्त करवाया। बाद में बच्चों को चाइल्ड हैल्प लाइन के सुपुर्द किया गया। साथ ही दुकानदार शास्त्रीनगर ए सेक्टर निवासी मनीष जैन के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण बनाया।

## चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ कर आमजन को करें योजनाओं से लाभान्वित - जिला कलक्टर

**बालोतरा,** (निसं)।जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर व पीएचसी सरवडी, अराबा चौहान का औचक निरीक्षण कर चिकित्सक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण दौरान जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने लेबर रुम में प्रसव सम्बंधित सेवाओं को सुदृढ करने के निर्देश दिए। उन्होंने निशुल्क दवा योजना व निशुल्क जांच योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर आमजन को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ सफाई सुनिश्चित के लिए सम्बंधित चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को निर्देशित कर कहा कि आगामी तीन दिवस में व्यवस्थाओं में सुधार करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी में मरीजों से चिकित्सा सेवाओं का फीडबैक प्राप्त कर बॉयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट को सुधारने के निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण में जिला कलक्टर श्री यादव ने आरसीएच गतिविधियों के प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ई केवाईसी, आयुष्मान कार्ड वितरण व आभा आईडी को त्वरित रूप से पूर्ण करने के सम्बंधित चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को निर्देशित किया गया। उक्त निरीक्षण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी समेत चिकित्सा अधिकारी प्रभारी व अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

## डॉक्टर के स्थानांतरण का विरोध, नारेबाजी की

**रेवदर,** (निसं)। लगातार डॉक्टरो की कमी से जूझ रहा रेवदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे हाल ही सरकार द्वारा जारी तबादला सूची में पदस्थापित चिकित्सक डॉ नरेश कुमार का स्थानांतरण सीएचसी से उदयपुर बावलवाडा सीएचसी में हुआ, सूची के आने के बाद स्थानीय लोगो में काफी नाराजगी और विरोध के कारण सर्वसमाज के लोगो ने उपखंड कार्यालय और पंचायत समिति एकत्रित होकर विरोध प्रकट कर स्थानान्तरण निरस्त कर डॉक्टर को यथावत रखने की माँग की, उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी को तबादला निरस्त करने की माँग को लेकर एसडीएम सुबोध सिंह चारण को ज्ञापन सौप कर पंचायत समिति की साधारण सभा में विरोध प्रकट कर विधायक मोतीराम कोली,प्रधान राधिका देवासी को ज्ञापन सौप कर स्थायी समिति में प्रस्ताव लिख सरकार को भेजने एवं लोकहित में तबादला निरस्त करने की मांग की, एडवोकेट बलवंत मेघवाल ने बताया कि ज्ञापन में सर्वसमाज के लोगो ने सयुंक्त रूप से एकत्रित होकर इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बहाली पर विरोध प्रकट कर डॉक्टरों के रिक्त पद भरने एवं ईमानदार और हर समय सुलभता से जरूरतमंद लोगो के लिए उपलब्ध होने वाले चिकित्सक डॉ नरेश का इस तरीके तबादला करना सरकार पर सवालिया निशान है।

वही ज्ञापन सरकार के नाम चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खीवसर को उपखंड अधिकारी के हस्ते सौपा गया और कहा कि तबादला निरस्त नहीं होता तो क्षेत्रवासी उपखंड कार्यालय के बाहर अनिच्छितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे इस अवसर पर समाजसेवी हनुमान प्रसाद अग्रवाल, एडवोकेट बलवंत मेघवाल, देवीदान चारण, इब्राहिम खान, नरेश दवे,नरेन्द्र बंजारा, बाबू भाई घांची, अनिल माली, जोराराम कोली, हर्षण गोस्वामी, राहुल जोशी, भरत मेघवाल, राजेश, एडवोकेट प्रवीण, रतन चौधरी, रणजीत सिंह राव, अमराराम, कुणाल अग्रवाल, सुरेश छिपा,मूपाराम, राहुल, कलताराम, सहित सैकडो लोग उपस्थित थे।

## गुरुकुल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

> ■ भाषण प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के नाते समाजसेवी बंसीलाल सोनी उपस्थित थे। अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की

**जालोर,** (कासं)। हिंदू युवा संगठन संस्था जालोर की ओर से राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत शुक्रवार को छठे दिन गुरुकुल क्लासेस में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

नगर अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह बगेडिया ने बताया कि विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा सप्ताह पर हिंदू युवा संगठन संस्था की ओर से गुरुकुल क्लासेस में स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के नाते समाजसेवी बंसीलाल सोनी उपस्थित थे। वही अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि की नाते भाजपा जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र मुणोत दिनेश महावर अमन देवेंद्र मेहता गुरुकुल क्लासेज से ललित सुंदेशा हीराराम देवासी पप्पू बंजारा उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा स्वामी जी की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए। भाषण प्रतियोगिता में कल 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने विवेकानंद जी की जीवनी पर एक से बढकर एक भाषण दिया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका बंसीलाल सोनी दिनेश महावर महेंद्र मुणोत अमन देवेंद्र मेहता ने निभाई।भाषण प्रतियोगिता के निर्णय की घोषणा समापन समारोह में की जाएगी। संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने कहा कि हिंदू युवा संगङ्गन संस्था युवाओं की जन जागृति के लिए कार्य करती है। हम सभी को युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी जी के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। समाजसेवी बंसीलाल सोनी ने कहा कि हम सबको ऐसे महापुरुषों के जयंती समारोह पर बढ चढकर हिस्सा लेना चाहिए। बच्चों से कहा कि आप सबको भी महापुरुषों की जीवनी पढनी चाहिए।

## नाहटा अस्पताल में बच्चेदानी की 1 किलो गांठ का सफल ऑपरेशन

**बालोतरा,** (निसं)। मरीज शांती देवी पत्नी बुद्धारम उम्र 47 वर्ष निवासी खरवा कल्याणपुर पिछले 3 साल से पेट दर्द , भारीपन एवं अत्यधिक रक्त स्त्राव से पीड़ित थी। सारी प्रारम्भिक जांचे करवाने के पश्चात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा पालीवाल ने मरीज को 14 जनवरी को नाहटा अस्पताल मे भर्ती किया।

15 जनवरी को वरिष्ठ ऐनेस्थिेटिक डॉ. नरेंद्र चौधरी के निर्देशन में डॉ. पूजा पालीवाल के द्वारा ओ टी इन चार्ज मगराज जीनगर, ओ टी स्टाफ मेल नर्स ग्रैड -1 सुखदेव पटेल, रानु गहलोत के साथ मिलकर बच्चेदानी की गांठ निकालने का जटिल ऑपरेशन किया। डॉ. पूजा पालीवाल ने बताया कि मरीज के बच्चेदानी में एक से अधिक फाइब्रॉइड (रसोली) गाँठे थी। जिनका वजन लगभग 1 किलोग्राम के करीब था। अत्यधिक वजन के कारण ऑपरेशन में जटिलताओ का सामना करना पड़ा और लगभग 1 घंटे के समय ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया गया। डॉ. पूजा पालीवाल ने बताया कि गर्भाशय फाइब्रॉएड गर्भाशय की गैर-कैंसरयुक्त वृद्धि है जो अक्सर बच्चे पैदा करने के वर्षों के दौरान दिखाई देती है। हालांकि फाइब्रॉएड आम तौर पर जीवन के लिए खतरा नहीं होते हैं, लेकिन वे दर्द, भारी रक्तस्त्राव और प्रजनन क्षमता या गर्भावस्था में समस्याएं पैदा कर सकते हैं। इस मामले में, फाइब्रॉएड का आकार और स्थिति रोगी के लिए महत्वपूर्ण समस्याएं पैदा कर रही थी, इसलिए उपचार के सर्वोत्तम तरीके के रूप में सर्जिकल हटाने की सिफारिश की गई थी। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप देवात ने कहा - हम इस मरीज को राहत प्रदान करने और जीवन की गुणवत्ता बहाल करने में सक्षम होने से प्रसन्न हैं। नाहटा अस्पताल में कुशल डॉक्टरों और सर्जनों की एक टीम है जो जटिल स्त्रीरोग संबंधी ऑपरेशन करने में सक्षम हैं। हम अपने समुदाय में महिलाओं के लिए उच्चतम गुणवत्ता वाली देखभाल और सर्जिकल परिणाम प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

## वृद्धा की झुलसने से मौत

**जोधपुर,**(कासं) । शहर के निकटवर्ती बोरानाडा स्थित अमर नगर, पाल में एक वृद्धा की आग से झुलसने पर मौत हो गई। उसने अलाव तापने के लिए तिली को लगाई तब उसके कपड़ों ने आग पकड ली। अस्पताल में भर्ती कराया गया मगर वहां उपचार के बीच उसकी मौत हो गई। उसके पुत्र की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। बोरानाडा पुलिस ने बताया कि नागौर जिले गच्छीपुरा मकराना स्थित रामसिया हाल अमर नगर पाल निवासी राणाराम की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी मां 70 वर्षीय बबरी देवी ने घर पर अलाव तापने के लिए तिली से आग को लगाया था। तब उसके कपडों ने अचानक से आग पकड ली और वह झुलस गई। इस पर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर वहां उनकी मौत हो गई।

## सार-समाचार

### हेमलता चोपड़ा ने प्रतियोगिता जीती

**जोधपुर,** (कासं)।शहर की रामलीला मैदान में आयोजित हो रहे पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2025 के तहत शुक्रवार को मारवाड़ी रजवाड़ी फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें मॉडल्स ने भारतीय संस्कृति को केंद्र में रखकर तैयार किए परिधानों को पहनकर रैंप पर कैटवॉक किया। मेला आयोजन नोड़ल एजेंसी लघु उधोग भारती के तत्वावधान में यह मारवाड़ी रजवाड़ी फैशन शो का आयोजन किया गया। उत्सव सह संयोजक मीनु दूगड़ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में शिक्षाविद ज्योत्सना व्यास, राजस्थानी कलाकार मीनाक्षी गौड़ और एनआईएफ ग्लोबल जोधपुर के डायरेक्टर नवीन मोहनोत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मेला समन्वयक महावीर चोपड़ा की कार्यक्रम की अध्यक्षता की। महावीर चौपड़ा ने कहा कि भारतीय संस्कृति का पहनावा न केवल यहां बल्कि विदेशों में भी पसंद किया जाता है और इस फैशन शो के माध्यम से हम भारतीय सांस्कृतिक परिधानों को तैयार करने वाले डिजाइनर को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं। लघु उद्योग भारती महिला ईकाई अध्यक्ष मोना हरवानी ने बताया कि फैशन शो प्रतियोगिता में निर्णायक रूपक दास , मधु बनर्जी और विनीता गुलेच्छा ने बारीकी से सभी प्रतिभागियों की प्रतिभा को परखा। फैशन शो कॉडिनेटर रश्मि चौहान और महिपाल सिंह ने बताया कि मारवाड़ी रजवाड़ी परिधान को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 से अधिक प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया।इस अवसर पर कंचन लोहिया, शिल्पा अठावाल, नलिनी बंसल, इंदु चोपड़ा, निधि सिंह, मनीषा शर्मा, प्रेमवती, अरुणा राठी, स्वाति माथुर, रीना जैन सहित लघु उद्योग भारती महिला इकाई की सदस्य मौजुद रही।

### ए.बी.वी.पी. की बैठक 18 से

**जोधपुर,** (कासं) । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की दो दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक 18-19 जनवरी को जोधपुर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में संगठनात्मक, शैक्षिणक, सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक विषयों पर गहन चर्चा होगी तथा आगामी कार्यक्रमों की दिशा तय की जाएगी। देशभर से आए प्रतिनिधि इस बैठक में भाग लेंगे और विभिन्न अभियानों की समीक्षा के साथ भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेन्द्र सोलंकी ने बताया कि बैठक में देशभर से आने वाले प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे अभियानों और गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत करेंगे, जिससे संगठन के कार्यों में समन्वय स्थापित होगा। इससे सभी इकाइयों को समान दिशा में कार्य करने का मार्गदर्शन मिलेगा। बैठक में सत्र 2024-25 के कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी और सत्र 2025-26 के लिए नई योजनाओं पर चर्चा होगी। परिसर चलो अभियान भारतीय संविधान निर्माण के 75 वर्ष, स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती, रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जैसे विशेष उपलक्ष्यों पर योजनाएं बनाई जाएंगी। साथ ही इस बैठक में आगामी दिनों में द्वारका में आयोजित होने वाली विचार बैठक के भी अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन किया जाएगा। इन विषयों में छात्र आंदोलन की दिशा और दशा को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही, अभाविप द्वारा भविष्य में युवाओं की राष्ट्र निर्माण में सहभागिता को सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मुकुंद सी. आर. विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और अपने विचारों से कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।

### यातायात नियमों की पालना का संदेश

**पाली,**(नि.सं.)। युवा कार्यक्रम विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केन्द्र पाली द्वारा माय भारत, एनएसएस, एनसीसी व युवा मण्डल के 25 स्वयंसेवकों के सहयोग व यातायात पुलिस के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर यातायात सीओ सुघड़ सिंह व यातायात प्रभारी हिंगलाज दान ने युवाओं के सहयोग से सूरजपोल चौराहे पर आमजन का यातायात नियमों के बारे में जागृत किया। उन्होंने आमजन को दुर्घटनाओं के आकड़े व उनमें होने वाले मृत्यू संख्या के बारे में जानकारी देकर सचेत किया। इस अवसर पर युवाओं ने आमजन को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने आदि यातायात नियमों की पालना हेतु अनुरोध भी किया। जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ ने बताया कि युवाओं द्वारा दिनांक 23 जनवरी तक सड़क सुरक्षा अभियान में आमजन को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के भंवरसिंह राजपुरोहित, स्वयंसेवक पारस थानवी, हर्षिता सिसोदीया, संतोष, विद्या प्रजापत, लक्ष्मी राजपुरोहित, बबलू देवासी आदि 25 युवाओं ने स्वयंसेवा की।

## बलदेवराम मिर्धा की जयंती पर जाट समाज की प्रतिभाओं व भामाशाहों का सम्मान

**पाली,** (नि.सं.)। श्री वीर तेजा विकास समिति के तत्वावधान में किसान केसरी बलदेवराम मिर्धा की 136वीं जयंती शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर 72 फ़ीट बालाजी के सामने जाट समाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें महंत सूरजनदास जी के सानिध्य मे एसपी चुनाराम जाट की अध्यक्षता में जाट समाज की प्रतिभाशाली 301 खेल व दसवी व बारहवीं में बेहतरीन अंक अर्जित करने वाले व नवचयनित प्रतिभाओं व सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले भामाशाहों का फूलमालाओं के साथ प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

समिति के अध्यक्ष अमराराम बेनीवाल ने बताया की समारोह में एसपी चुनाराम जाट ने संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान समय मे बच्चों के अध्ययन जितनी भूमिका बच्चों की है, उतनी ही भूमिका अभिभावकों की है उन्हें बच्चों को रिल्स बनाने की छूट नहीं देनी चाहिए क्योंकि इन रिल्स की वजह से उनका केरियर प्रभावित होता है। साथ ही उन्होंने कहा की बच्चों की गतिविधियों पर भी ध्यान रखना चाहिए, जिससे वह गलत संगत मे नहीं पड़े । उन्होंने कहा की आज के समय मे युवा नशे गिरफ्त मे आ रहे है इसे भी रोकने की जिम्मेदारी बड़ों की होनी चाहिए। समय समय पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होने से बच्चों को प्रोत्साहन मिलता है और आगे बढने प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर डीआईजी स्टाम्प भगीरथ चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय शिक्षा का समय है और सभी शिक्षा के क्षेत्र में जागृत होना पड़ेगा और बेटों के साथ बेटियों को भी उच्च शिक्षा दिलाने पर जोर देना पड़ेगा। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसीबी के अति पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र डुकिया ने कहा कि बलदेवराम मिर्धा ने समाज के साथ पूरे किसान वर्ग को शिक्षा को लेकर जागृत किया और हमें उनके आदर्शों पर चलकर शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ना होगा। इसलिए समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना होगाए जिससे दूसरी पीढ़ी भी उनसे प्रेरित होकर आगे बढ़ सके।

समारोह में सुखदेव चौधरी सहायक आचार्य बांगड़ मेडिकल कॉलेज पाली, राजेंद्र जाखड़ युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र पाली, भगीरथ चौधरी उप निदेशक महिला बाल विकास, रामेश्वर बुगालिया आचार्य बांगड़ महाविद्यालय,अमराराम बेनीवाल अध्यक्ष वीर तेजा विकास समिति, मोहन जाट भाजपा जिला महामंत्री, किशोर चौधरी सरपंच संघ अध्यक्ष जैतारण,लालाराम पचार, नैनाराम पचार,कुनाराम गोदारा, भोमाराम रेड्डू, बबिता पचार, ने अपने विचार रखे।

इस अवसर पर राजेंद्र लहर, हरिराम कलिया, कालूराम कालीराना,ओमा चौधरी पार्षद, रतनाराम बाना, श्रवण सिरोही बिरावास, ईश्वर चौधरी, धर्मेंद्र बेनीवाल, बाबूलाल कालीराणा,श्याम चौधरी, भेराराम डांगी,विशनाराम गोदारा, शिवराम चोयल,प्रधान कालीराणा, महेंद्र मेंदा, विशनाराम कागट, राजेंद्र जांग, मंगलाराम बरकिया, राजेंद्र कागट, मदन जांचर, नर्सिंग बरकिया,धर्मवीर थारोल,संजीव रेवाड़, रणवीर सारण, लक्ष्मण गोदारा, देवाराम गोदारा समेत समाज बंधु मौजूद रहे।

**कार्यालय नगरपालिका, आहोर (जालोर)**
चामुण्डा मंदिर के पास, आहोर -307029 email - npahore23@gmail.com
क्रमांक: / नपाआ / विकास / निविदा / 2024 / 2020 दिनांक: 16.01.2025
**निविदा सूचना सं. 03/2024-25**
नगर पालिका आहोर द्वारा निर्माण कार्यो को करवाये जाने हेतु क्रेन्द्र एवं राज्य सरकार के 'ए' व 'एए' श्रेणी में पंजीकृत एवं नगरपालिका आहोर व स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर में उपयुक्त श्रैणी में पंजीबद्ध एवं मान्यता प्राप्त संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा संबंधी जानकारी व अन्य शर्ते पालिका कार्यालय नोटिस बोर्ड, पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर जरीये NIB - DLB2425A4979 यूबीएन नं. DLB2425WSRC15118, 15120, 15125, 15126, 15128, 15130, 15131, 15133 पर तथा कार्यदिवस में कार्यालय समय में देखी जा सकती है।
राज.संवाद / सी / 24 / 10446 अधिशाषी अधिकारी